प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.06.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश में जनगणना 2027 का पहला चरण आज से–इस चरण में मकानों की गणना का होगा कार्य।
- भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुंधाशु त्रिवेदी ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर इसे जन कल्याण का स्वर्णिम काल बताया।
- चंबा जिला में आत्मा परियोजना के तहत प्राकृतिक खेती पद्धति से उत्पादित गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू।
- नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मंडी में जागरूकता शिविर आयोजित।
- मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज से अगले 6 दिनों तक प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना।

जनगणना

प्रदेश में जनगणना 2027 का पहला चरण आज से औपचारिक रूप से शुरू होने जा रहा है। इस चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा। ये जनगणना आगामी 15 जुलाई तक संचालित की जाएगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे जिला शिमला संवाददाता...

*जनगणना निदेशालय के अनुसार प्रदेश के सभी जिलों में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 13 जून तक पूरा हो चुका है। स्वगणना की ऑनलाइन विंडो 15 जून रात 12 बजे बंद हो गई है।अब आज 16 जून से 15 जुलाई 2026 तक प्रगणक घर–घर जाकर मकान और परिवारों की जानकारी जुटाएंगे। इस दौरान मकान की स्थितिए परिवार की संरचना, पेयजल, बिजली, शौचालय, अनाज और घरेलू उपकरणों की उपलब्धता जैसे 33 आधिकारिक प्रश्न पूछे जाएंगे। ये डेटा देश की विकास योजनाओं के लिए बेहद जरूरी होगा। निदेशालय ने लोगों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रीय कार्य में पूरा सहयोग दें। सुरक्षा और पारदर्शिता के लिए घर आने वाले प्रगणक के पहचान पत्र पर लगे फत् कोड को स्कैन करके उनकी पहचान जरूर जांचें। जिन लोगों ने पहले ही ऑनलाइन पोर्टल पर स्वगणना कर दी है उन्हें प्रगणक के आने पर सिर्फ स्वगणना आईडी देनी होगी।*

सुधांशु त्रिवेदी

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर इसे सेवाएं, सुशासन और जनकल्याण का स्वर्णिम काल बताया। धर्मशाला में कल आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि देश ने पहली बार गरीब कल्याण और तीव्र विकास को समानांतर रूप से आगे बढ़ते देखा है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में रेलवे के विकास और विस्तार के लिए 2 हजार 911 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल को मिला यह रेल बजट पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में लगभग 27 गुना अधिक है, जिससे राज्य की रेल कनेक्टिविटी और आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी।

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता सुंधाशु त्रिवेदी ने हिमाचल की कांग्रेस सरकार पर प्रदेश को आर्थिक और प्रशासनिक रूप से नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के मोर्चे पर अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई है।

गेहूं खरीद प्रक्रिया

जिला चंबा में आत्मा परियोजना के तहत प्राकृतिक खेती पद्धति से उत्पादित गेहूं की खरीद प्रक्रिया बीते कल से शुरू हो गई है। राज्य सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस वर्ष गेहूं के समर्थन मूल्य में 20 रूपए की बढ़ौतरी कर 80 रूपए प्रति किलोग्राम के मूल्य से खरीद की जा रही है जिससे किसानों में भारी उत्साह है। इस वर्ष कृषि विभाग ने चंबा जिला में 175 किसानों से कुल 134 क्विंटल प्राकृतिक गेहूं की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। आत्मा परियोजना के निदेशक डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने शुभारंभ अवसर पर किसानों से संवाद करते हुए उन्हें भविष्य में प्राकृतिक खेती को और अधिक अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण व मानव स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है।

नशा मुक्त अभियान

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पधर में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता...

*शिविर का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी (नागरिक) पधर सुरजीत सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए कहा कि नशा आज समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहनेए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। शिविर के दौरान प्रशिक्षुओं ने चित्रकला, स्लोगन लेखन और भाषण प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।*

विशेष लोक अदालत

सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को आपसी सुलह और मध्यस्थता के माध्यम से निपटाने के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान समारोह विशेष लोक अदालत में शामिल होने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी गई है। कांगड़ा जिला के विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव आर मिहुल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के पक्षकारों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है जिसके माध्यम से वे आपसी सहमति व मध्यस्थता के जरिए अपने विवादों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

प्रतियोगिता

शिमला जिला के जुब्बल में युवा मण्डल मंढोल द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक विशेष पहल की जा रही है जिसके तहत यहां आयोजित ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में विशेष अतिथियों सहित हर मुकाबले में मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को बान और देवदार जैसे पेड़ स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किए जा रहे हैं। युवा मंडल मंढोल के अध्यक्ष बॉबी जस्टा ने बताया कि स्मृति चिन्ह के रूप में पेड़ प्राप्त करने वाले खिलाड़ी वृक्षारोपण के साथ ही इन पेड़ों की देखरेख और संरक्षण भी करेंगे। उन्होंने बताया कि इस पहल से क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान लगभग 150 से अधिक पौधों को रोपा जा चुका है। जबकि  बीते वर्ष भी युवा मंडल की पहल से लगभग एक हजार से ज्यादा देवदार वृक्षों का रोपण किया गया था।

मौसम

प्रदेश में बीते कल मौसम के करवट बदलने से कई जिलों में बारिश हुई वहीं ओलावृष्टि से भी विभिन्न क्षेत्रों में नुक्सान के समाचार हैं। किन्नौर जिला के निचार उपमंडल में रूपी वैली और शिमला जिला के चौपाल और रामपुर क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि से सेब की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। वहीं इन क्षेत्रों में स्टोन फ्रूट के साथ ही मटर और अन्य नकदी फसलों को भी नुक्सान पहुंचा है।

आज प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में दिन की शुरूआत खिली धूप के साथ हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज से अगले 6 दिनों तक प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी रहेगी। विभाग ने 18 और 19 जून को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का यलो अलर्ट भी जारी किया है।

फ्लाइंग ऑफिसर

हमीरपुर जिले के नादौन क्षेत्र की देवांशी शर्मा भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनी हैं। देवांशी की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। देवांशी ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर यह उपलब्धि हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर विभिन्न सामाजिक व क्षेत्रीय संगठनों ने शुभकामनाएं दी हैं। देवांशी के पिता एनटीपीसी में कार्यरत हैं जबकि दादा डॉ. ओ पी शर्मा हिमाचल गौरव पुरस्कार–2026 से सम्मानित हैं।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी ने लिखा है नगर निकायों में विधायकों का वोटिंग अधिकार बहाल। अमर उजाला और दिव्य हिमाचल ने खबर को एक जैसा शीर्षक दिया है के शब्द हैं नगर निकाय अध्यक्ष–उपाध्यक्ष के चुनाव में वोट डाल सकेंगे विधायक।

मैदानों में हुई बारिश, चोटियों पर बर्फबारी और गिरे ओले शीर्षक से दैनिक भास्कर ने लिखा है तापमान भी गिरा, प्रदेश में 18 जून तक खराब रहेगा मौसम।

दैनिक जागरण ने हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले को शीर्षक दिया है सी बी एस ई स्कूलों में अंग्रेजी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र जारी करने पर रोक।

अब 18 से 20 साल की युवतियों को भी 1500 नहीं मिलेंगे अमर उजाला की एक खबर है।

हिमाचल दस्तक के अनुसार लॉटरी के लिए टेंडर करने को प्रदेश सरकार की मंजूरी।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में जनगणना 2027 का पहला चरण आज से शुरू–इस चरण में मकानों की गणना का होगा कार्य।
- भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुंधाशु त्रिवेदी ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर इसे जन कल्याण का स्वर्णिम काल बताया।
- चंबा जिला में आत्मा परियोजना के तहत प्राकृतिक खेती पद्धति से उत्पादित गेहूं की खरीद प्रक्रिया शुरू।
- नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मंडी में जागरूकता शिविर आयोजित।
- मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज से अगले 6 दिनों तक प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना।